प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने स्वच्छ प्रदेश बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में काम करने को कहा।
- विधानसभा में आज नये जिलो और संभागों को निरस्त करने के मुद्‌दों पर फिर चर्चा होगी।
- प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति सांस्कृतिक समागम–2025 का आयोजन – देश भर से 15 हजार से अधिक आदिवासी भाग लेगें।
- प्रदेश में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से सर्दी का असर एक बार फिर बढा।

........................

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों को स्वच्छ प्रदेश बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए है। कल जयपुर में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर गांव साफ और स्वच्छ बने और प्रदेश को स्वच्छता के क्षेत्र में पहले पायदान पर लाने के प्रयास किये जाये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन का बेहतर उपयोग हो। श्री दिलावर ने निर्देश दिये कि जिन जिलों की प्रगति कम है वे जिले विभागीय दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य कर धरातल पर स्वच्छता संबंधी गतिविधियां सम्पादित कर प्रगति लाये। पंचायती राज मंत्री ने राजसमन्द और बीकानेर जिलों में किये गये नवाचारों की सराहना की।
इधर हमारे राजसमंद संवाददाता ने वहां किये गये नवाचारों की जानकारी दी।

........................

राज्य विधानसभा में आज भी राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी। इसके साथ ही राजस्व विभाग की विभिन्न अधिसूचनाएं सदन के पटल पर रखी जायेगी। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ कई वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे सदन में प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा नये बने जिलों और संभागो को निरस्त किये जाने के मुद्‌दों पर भी आज चर्चा होगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि आज दो विपक्षी सदस्य ये मामला उठा सकेंगे। इसके बाद सदन में मंत्री जवाब देंगे। इससे पहले कल विधानसभा में नये बने जिलों और संभागों को निरस्त किये जाने के बारे में स्थगन प्रस्ताव को लेकर हंगामा हुआ। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने घटनाक्रम का ब्योरा मीडिया से साझा करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने बिना किसी तैयारी के नये जिलों की घोषणा कर दी थी। वहीं मौजूदा सरकार ने सोच समझकर इन्हें निरस्त किया है।

........................

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि जयपुर में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा में विस्तार करने के लिए 300 सीएनजी चलित एसी मिनी बसों की निविदा प्रक्रिया जारी है। इसकी तकनीकी निविदा आज खोली जाएगी। इसके बाद परीक्षण कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम ई बस सेवा योजना में नई 150 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए भी केन्द्र सरकार के स्तर से निविदा इस साल दो जनवरी को खोली जा चुकी है।

........................

सबको बीमा अभियान–2047 के तहत कल जयपुर जिला कलेक्ट्रेट से बीमा रथ को रवाना किया गया। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक राकेश मीणा ने बताया कि बीमा रथ का संचालन सबको बीमा अभियान के तहत जयपुर जिले में आमजन के बीच प्रचार प्रसार और जन जागरुकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

........................

और अब समाचार महाकुंभ से –

प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति सांस्कृतिक समागम–2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश भर से 15 हजार से अधिक आदिवासी भाग लेगें। छह दिन के इस उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागी जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेगें। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है। उदयपुर के हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड्स के 50 रोवर स्काउट्स महाकुंभ प्रयागराज में अपनी सेवाऐं दे रहे है। वे प्राथमिक चिकित्सा, यातायात नियंत्रण, घाटों पर भीड़ नियंत्रण, गुमशुदा की तलाश, श्रद्धालुओं को रास्ता दिखाना, भोजन व्यवस्था और रेस्क्यू बोट के माध्यम से लगातार श्रद्धालुओं की मदद कर रहे है।

.........................

नागौर के मानासर में चल रहा राज्य स्तरीय रामदेव पशु मेला परवान पर है। मेले में अब तक चार हजार से ज्यादा पशुओं की आवक हो चुकी है। मेले में पशु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जार रहा है। इसके तहत कल ऊंटों की विभिन्न रौचक प्रतियोगिताएं हुई।

.........................

शिक्षा विभाग ने इस वर्ष की पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तारीख बारह फरवरी तक बढ़ा दी है। पहले ये तारीख 5 फरवरी थी। इधर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी। इसके लिए बोर्ड की ओर से सभी तैयारियां की जा रही है। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार वीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इसमें 25 विद्यार्थियों पर एक वीक्षक नियुक्त किया जाएगा। इस बार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में राज्य के 19 लाख 98 हजार से भी अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे।

.........................

भरतपुर में बयाना स्टेट हाईवे पर सेवा कुरवरिया गांव के पास कल रात एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और चार अन्य घायल हो गये। ये दुर्घटना कार के ट्रेलर से टकरा जाने से हुई। कार में सवार सभी लोग महाकुंभ में स्नान करने के लिए जा रहे थे। घायलों को उपचार के लिए भरतपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उधर पाली में जवाई नहर के पास सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाईकिल चालक की मृत्यु हो गई। वहीं कल चौमूं में एक स्कूल बस के पुलिया से गिर जाने से छात्रा की मृत्यु हो गई और 9 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया गया है।

.........................

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से सर्दी का असर एक बार फिर बढ गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की ओर गिरावट होने की संभावना है। इससे सुबह और शाम की ठंड बढने के आसार है। झुंझुनूं, सीकर, चूरू, और नागौर में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस की गिरावट हो सकती हैं। चूरू में आज सुबह से ही शीतलहर चल रही है, जिससे सर्दी का एहसास बढ गया है।

.........................